भीलवाड़ा फोकस

RNI No. : RJHIN/25/A0890

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

वर्ष - 02 | अंक - 51 | बिजौलिया - शुक्रवार,02 अक्टूबर,2026 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4 | WWW.BHILWARAFOCUS.COM

दशकों का इंतजार खत्म, अब शेखावाटी पहुंचेगा यमुना जल

मुख्यमंत्री ने हंसियावास में 800 करोड़ के कृत्रिम जलाशय का किया शिलान्यास, 1,277 करोड़ के 83 विकास कार्यों की सौगात

भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर ।

दशकों से यमुना के पानी का इंतजार कर रहे शेखावाटी क्षेत्र के लिए गुरुवार का दिन बड़ी जल परियोजना की दिशा में अहम कदम साबित हुआ। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने फतेहपुर में हंसियावास जलाशय परिसर में 800 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले कृत्रिम जलाशय का शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि 34 हजार करोड़ रुपए से अधिक की यमुना जल परियोजना के तहत हथिनीकुंड बैराज से तीन पाइपलाइनों के जरिए सीकर, चूरू, झुंझुनूं और आसपास के क्षेत्रों तक पेयजल पहुंचाया जाएगा। परियोजना से शेखावाटी में पेयजल उपलब्धता बढ़ने के साथ क्षेत्र के विकास को भी गति मिलने की बात उन्होंने कही।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अपर यमुना बेसिन की रेणुका, लखवार और किशाऊ परियोजनाओं से राजस्थान के हिस्से का पानी गैर-मानसून अवधि में भी लगातार उपलब्ध कराने की दिशा में काम हो रहा है। हंसियावास में बनने वाला कृत्रिम जलाशय इसी पूरी योजना का महत्वपूर्ण हिस्सा है। इसका निर्माण कार्य जल्द शुरू



किया जाएगा।

83 विकास कार्यों की सौगात

मुख्यमंत्री फतेहपुर में 'सेवा संकल्प अभियान-जन सेवा ही प्रभु सेवा' के तहत आयोजित कार्यक्रम में चूरू, झुंझुनूं और सीकर जिलों के विकास कार्यों के लोकार्पण एवं शिलान्यास समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान तीनों जिलों के लिए 1,277 करोड़ रुपए के 83 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया गया।

इनमें ऊर्जा विभाग के करीब 296 करोड़ रुपए के छह कार्यों सहित चिकित्सा शिक्षा, स्कूल एवं संस्कृत शिक्षा, अल्पसंख्यक मामलात, सार्वजनिक



निर्माण और पशुपालन विभाग से जुड़े कार्य शामिल हैं। इसके अलावा आईटीआई मंडावा भवन, जिला परिवहन कार्यालय खेतड़ी, सीकर जिला स्टेडियम में बास्केटबॉल एकेडमी तथा रतनगढ़ की पड़िहारा-लोहा ग्रामीण पेयजल आपूर्ति योजना के कार्यों का भी लोकार्पण किया गया।

4 लाख सरकारी भर्तियों का संकल्प

मुख्यमंत्री ने कहा कि युवाओं को रोजगार देने के लिए राज्य सरकार ने चार लाख सरकारी पदों पर भर्ती का संकल्प लिया है। इनमें से 1 लाख 89 हजार से अधिक पदों पर नियुक्तियां दी जा चुकी हैं, जबकि 1 लाख 22 हजार पदों पर भर्ती प्रक्रिया जारी है। करीब सवा लाख पदों के लिए भर्ती कैलेंडर भी जारी किया गया है। उन्होंने कहा कि गांवों और वार्डों के विकास के लिए समग्र योजना के तहत सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। गांवों में अटल ज्ञान केंद्र स्थापित किए जा रहे हैं, जहां विद्यार्थियों को ई-लाइब्रेरी और ऑनलाइन कोचिंग जैसी सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

3.82 लाख आवास पूरे, 18.50 लाख महिलाएं बनीं लखपति दीदी

मुख्यमंत्री ने सरकार की विभिन्न योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत 3 लाख 82 हजार आवास पूरे किए जा चुके हैं, जबकि 4 लाख 53 हजार आवास निर्माणाधीन हैं। महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के प्रयासों के तहत प्रदेश में 18.5 लाख से अधिक महिलाएं लखपति दीदी बन चुकी हैं।

किसानों के लिए किसान सम्मान निधि की राशि बढ़कर 9 हजार रुपए किए जाने और राजस्थान में गेहूं पर एमएसपी को लेकर भी मुख्यमंत्री ने सरकार की उपलब्धियां गिनाईं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार किसान, मजदूर, महिला और युवा वर्ग के कल्याण के लिए लगातार काम कर रही है। मुख्यमंत्री ने शेखावाटी की ऐतिहासिक विरासत को पर्यटन से जोड़ने पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि शेखावाटी हवेली संरक्षण योजना के तहत झुंझुनूं, चूरू और सीकर में 660 से अधिक हवेलियों के संरक्षण के लिए आर्थिक सहायता दी जा रही है। इससे पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा मिलने और स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ने की उम्मीद है।

उन्होंने कहा कि शेखावाटी क्षेत्र में सड़क और राजमार्ग कनेक्टिविटी को भी मजबूत किया जा रहा है। साथ ही राजस्थान ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहा है।

'दशकों से लंबित समझौतों को मिली गति'

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र और राज्य सरकार के स्तर पर लंबे समय से लंबित परियोजनाओं को गति मिली है। उन्होंने रामजल सेतु लिंक परियोजना, यमुना जल समझौता, नर्मदा जल संबंधी समझौते और किशाऊ बहुउद्देशीय परियोजना का उल्लेख किया। नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन राज्य मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने कहा कि यमुना जल समझौते के क्रियान्वयन की दिशा में हंसियावास कृत्रिम जलाशय का निर्माण महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि जल और ऊर्जा के क्षेत्र में विकास कार्यों को गति देने के साथ युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ाए जा रहे हैं।

कार्यक्रम में विधायक गोरधन, हरलाल सहारण, राजेंद्र भांबू, विक्रम सिंह जाखल, जेठानंद व्यास, पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़, फतेहपुर नगर परिषद सभापति अंजू भिंडा सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि और आमजन मौजूद रहे।

रोडवेज बस स्टैंड क्षेत्र में ट्रैफिक पुलिस का एक्शन, नो-पार्किंग में खड़े वाहनों पर कार्रवाई से मचा हड़कंप,कई वाहन जब्त

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

पुनित चपलोत

भीलवाड़ा के रोडवेज बस स्टैंड क्षेत्र में यातायात थाना पुलिस ने गुरुवार शाम को विशेष अभियान चलाकर यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की। पुलिस ने नो-पार्किंग जोन में खड़े वाहनों के साथ-साथ मोटर व्हीकल एक्ट का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों को भी कार्रवाई के दायरे में लिया। इस दौरान कई वाहनों को जब्त किया गया।

यातायात थाना पुलिस की यह



कार्रवाई यातायात थाना प्रभारी बाबूलाल टेपण के नेतृत्व में की गई। पुलिस की अचानक हुई कार्रवाई से रोडवेज बस स्टैंड और आसपास के क्षेत्र में कुछ समय के लिए हड़कंप मच गया।

पुलिस टीम ने नो-पार्किंग क्षेत्र में खड़े वाहनों को हटवाया और वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने की हिदायत दी।

पुलिस ने बताया कि अभियान का उद्देश्य सड़क पर यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखना और आमजन को होने वाली परेशानी से निजात दिलाना है। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ इस तरह की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

'प्रोफेशनल जलन के चलते लगाए आरोप', पूर्व कार्यवाहक सीजे शर्मा का जस्टिस मेहता पर पलटवार

सीजे शर्मा का दावा -जस्टिस मेहता ने वकीलों को हड़ताल के लिए उकसाया

भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।



राजस्थान हाईकोर्ट के पूर्व कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश जस्टिस (रिटायर्ड) एसपी शर्मा ने सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस संदीप मेहता पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि प्रोफेशनल जलन के चलते जस्टिस मेहता ने उनके खिलाफ अनर्गल और झूठे आरोप लगाए तथा हाईकोर्ट के वकीलों को हड़ताल के लिए उकसाया। पूरे विवाद पर पहली बार खुलकर मीडिया से बातचीत करते हुए शर्मा ने कहा कि उन्हें जस्टिस मेहता से जिरह करने का मौका मिलना चाहिए। शर्मा ने कहा कि जस्टिस मेहता का राजस्थान हाईकोर्ट के मामलों में दखल देने का कोई अधिकार नहीं था। उन्होंने इस संबंध में भारत के मुख्य न्यायाधीश को पत्र लिखकर यह सवाल भी उठाया है कि क्या सुप्रीम कोर्ट का कोई जज हाईकोर्ट के मामलों में हस्तक्षेप कर सकता है।

'शायद व्यावसायिक जलन का नतीजा'

जस्टिस शर्मा ने कहा कि दोनों जब वकालत में थे, तब वर्ष 2011 में उन्हें और जस्टिस मेहता को वरिष्ठ अधिवक्ता बनाया गया था। उनके अनुसार उन्हें बिना आवेदन किए फुल कोर्ट ने सर्वसम्मति से वरिष्ठ अधिवक्ता चुना था, जबकि जस्टिस मेहता को इसके लिए आवेदन करना पड़ा था। उन्होंने कहा कि वे परिवार की पहली पीढ़ी के वकील हैं और उनके परिवार में पहले कोई वकील या जज नहीं रहा। वहीं, जस्टिस मेहता प्रतिष्ठित न्यायिक परिवार से आते हैं। शर्मा ने दावा किया कि जब जज के रूप में पदोन्नति की बात आई तो यह सुनिश्चित किया गया कि वे मुख्य न्यायाधीश न बन सकें।

जस्टिस मेहता ने सीजेआई को भेजे थे पत्र

शर्मा के मुताबिक, अगस्त में जस्टिस संदीप मेहता ने भारत के मुख्य न्यायाधीश को भेजे पत्रों में उन पर शक्तियों के दुरुपयोग के आरोप लगाए थे। उन्होंने दावा किया था कि उन्हें कई शिकायतें मिली हैं, जिनसे जस्टिस शर्मा की ईमानदारी और सत्यनिष्ठा पर सवाल उठते हैं। इन्हीं आधारों पर जस्टिस मेहता ने शर्मा को किसी अन्य हाईकोर्ट में स्थानांतरित करने और राजस्थान हाईकोर्ट में नए मुख्य न्यायाधीश की नियुक्ति की मांग की थी।

'जजों का ट्रायल सोशल मीडिया पर नहीं होना चाहिए'

पूर्व कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि जजों के बीच प्रशासनिक मुद्दे पहले भी उठते रहे हैं, लेकिन उन्हें सार्वजनिक नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि जजों का ट्रायल सोशल मीडिया पर नहीं होना चाहिए, क्योंकि इससे आम जनता का न्यायपालिका पर विश्वास प्रभावित होता है।

उन्होंने 1997 के 'प्रकाश चंद बनाम राजस्थान राज्य' मामले का उल्लेख करते हुए कहा कि सुप्रीम कोर्ट के उस फैसले में तय किए गए सख्त दिशा-निर्देश सभी पर लागू होते हैं।

प्रभावशाली वादियों को फायदा पहुंचाने के आरोप पर सफाई

प्रभावशाली और अमीर वादियों को फायदा पहुंचाने के आरोपों पर शर्मा ने सवाल उठाया कि ऐसे लोग कौन हैं और किसी न किसी की ओर से शिकायत तो होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि किसी केस में वादी कौन है, यह देखकर काम नहीं किया जाता। उन्होंने अपने परिवार से जुड़े मामलों का उदाहरण देते हुए कहा कि उनकी मां की पेंशन का मामला लंबित है और उनके भाई की याचिका भी लंबित है। इसके बावजूद वे अपने परिजनों के मामलों में हस्तक्षेप नहीं करते और न ही उन्हें अपने काम में हस्तक्षेप करने देते हैं।

800 तबादलों के आरोप को बताया हास्यास्पद

न्यायिक अधिकारियों के अनुकूल फैसला नहीं देने पर तबादले के आरोपों को जस्टिस शर्मा ने हास्यास्पद बताया। उन्होंने कहा कि करीब 800 तबादले किए गए थे और सामान्य तौर पर ये रजिस्ट्रार जनरल की ओर से किए जाते हैं। रजिस्ट्रार जनरल मुख्य न्यायाधीश को इनपुट देते हैं और यह भी देखा जाता है कि किसी अधिकारी ने एक स्थान पर कितना समय बिताया है।

शर्मा ने कहा कि यदि किसी न्यायिक अधिकारी का द्वेष के चलते तबादला किया गया होता तो वह कहीं न कहीं शिकायत दर्ज कराता। उन्होंने सवाल उठाया कि वह केवल जस्टिस संदीप मेहता से ही शिकायत क्यों करता, जबकि सुप्रीम कोर्ट में राजस्थान से जुड़े अन्य जज भी हैं।

शेखावत आज भीलवाड़ा दौरे पर, स्थानीय कार्यक्रम में होंगे शामिल

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।



केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत शुक्रवार को भीलवाड़ा दौरे पर रहेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार शेखावत सुबह 8 बजे जयपुर स्थित सर्किट हाउस, खासा कोठी से सड़क मार्ग से रवाना होंगे। वे सुबह करीब 11:30 बजे भीलवाड़ा सर्किट हाउस पहुंचेंगे। इसके बाद भीलवाड़ा में आयोजित स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होंगे। कार्यक्रम के बाद दोपहर 12:30 बजे सड़क मार्ग से चित्तौड़गढ़ के लिए रवाना होंगे।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने किया सेवा संकल्प यात्रा का स्वागत, यात्रियों का किया सम्मान

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।



कुलदीप शर्मा सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

सेवा, समर्पण और राष्ट्रभक्ति के संकल्प के साथ आगे बढ़ रही 'वाराणसी से वडनगर' सेवा संकल्प यात्रा के भीलवाड़ा आगमन पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़, जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा सहित जनप्रतिनिधियों ने टंकी के बालाजी परिसर में यात्रियों का आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया।

जिला प्रवक्ता अंकुर बोरदिया ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने यात्रा रूट संख्या 14 एवं 20 के कुल 140 यात्रियों का स्वागत करते हुए यात्रियों एवं यात्रा की व्यवस्थाओं में जुटे कार्यकर्ताओं से संवाद किया तथा उनके उत्साह और समर्पण की सराहना की। इस अवसर पर यात्रा के निमित्त भीलवाड़ा जिले के प्रभारी एवं युवा मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष दीनदयाल गुर्जर, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष

राधे कृष्णा हर्बल

मोरिंगा पाउडर एवं कैप्सूल

30, माणक नगरी बून्दी रोड़ बिजोलिया MO.8426904895

गांधी-शास्त्री जयंती पर भीलवाड़ा में विशाल रक्तदान शिविर, पूर्व मंत्री रामलाल जाट होंगे मुख्य अतिथि



भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

विजन इंडिया वेलफेयर सोसायटी, भीलवाड़ा द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के पावन अवसर पर 2 अक्टूबर को विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस शिविर में राजस्थान सरकार के पूर्व मंत्री रामलाल जाट मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेंगे।

सोसायटी के सचिव शंकर लाल गाडरी ने बताया कि रक्तदान शिविर का आयोजन रामस्नेही वाटिका, रामद्वारा रोड, भीलवाड़ा में किया जाएगा, जिसका शुभारंभ प्रातः 9 बजे होगा। शिविर में बड़ी संख्या में युवाओं के भाग लेने की संभावना है और रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने का भी विशेष प्रयास किया जाएगा।

संस्था पदाधिकारियों ने शहर के समाजसेवियों, युवाओं एवं आमजन से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर रक्तदान करने तथा शिविर को सफल बनाने की अपील की है। साथ ही पत्रकारों एवं जनप्रतिनिधियों से भी कार्यक्रम में उपस्थित होकर रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करने का आग्रह किया गया है।

गुवारड़ी में करंट से वानर की मौत, ढोल-नगाड़ों के साथ निकाली अंतिम यात्रा



भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर ।

(सांवर वैष्णव)। गुवारड़ी गांव में गुरुवार को 11 हजार केवी विद्युत लाइन की चपेट में आने से वानर की मौत हो गई। ग्रामीणों ने वन्यजीव के प्रति संवेदना दिखाते हुए वानर की ढोल-नगाड़ों के साथ अंतिम यात्रा निकाली। शवयात्रा गांव के मुख्य मार्गों से होते हुए गौशाला पहुंची, जहां हिंदू रीति-रिवाज और मंत्रोच्चार के साथ वानर को समाधि दी गई।इस दौरान दिनेश वैष्णव, शंकर सुथार, पप्पू जाट, भेरू जाट, भेरू शर्मा, रामेश्वर गुर्जर, सांवर सुथार सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

तेजाजी महाराज के मेले का शुभारंभ

डीजे-बैंड के साथ जुलूस में पहुंचे श्रद्धालु, नेजे चढ़ाकर की पूजा-अर्चना



भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया ।

दाणी चबूतरा पर गुरुवार को लोकदेवता तेजाजी महाराज के विशाल मेले का शुभारंभ हुआ। मेले के पहले दिन आसपास के गांवों और विभिन्न मोहल्लों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु डीजे व बैंड-बाजों के साथ जुलूस के रूप में पहुंचे। श्रद्धालुओं ने बाबा तेजाजी महाराज को नेजे चढ़ाकर पूजा-अर्चना की और जयकारे लगाए।

मेला कमेटी अध्यक्ष राजेश कुमार बंजारा ने बताया कि बंजारों की जेलेरी, रावत मोहल्ला, यादव मोहल्ला, स्कूल के पीछे का मोहल्ला और अग्रवाल ऑफिस सहित विभिन्न स्थानों से श्रद्धालु नेजे लेकर पहुंचे। जुलूस के दौरान बाबा तेजाजी महाराज के जयकारों से माहौल भक्तिमय हो गया।

कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेंद्र कुमार बंजारा, पूर्व प्रधान गोपाल मालवीय, किशन बंजारा, रमेश धाकड़, भाजपा मंडल सोशल मीडिया सह प्रभारी भैरू लाल साहू एवं मिठ्ठू लाल मोदी सहित जनप्रतिनिधि और ग्रामीण मौजूद रहे।

आज होगा मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव

नगर निगम टाउन हॉल में होगा जिला स्तरीय आयोजन

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

राज्य सरकार के निर्देशानुसार 2 अक्टूबर को मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव का आयोजन किया जाएगा। जिला स्तर पर कार्यक्रम नगर निगम के टाउन हॉल में आयोजित होगा। जिला कलक्टर जसमीत सिंह संधू के आदेशानुसार आयोजित होने वाले कार्यक्रम की तैयारियों के लिए अधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। जिला कलक्टर ने बताया कि संयुक्त निदेशक, पशुपालन विभाग को नोडल अधिकारी तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

अर्द्ध चेटीचंड पर होगा खेल और मनोरंजन का संगम

12 अक्टूबर को सिंधी समाज के लिए प्रतियोगिताएं, 8 तक होंगे पंजीयन

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा

(मूलचंद पेसवानी)। पूज्य सिंधी पंचायत शाहपुरा की ओर से अर्द्ध चेटीचंड के अवसर पर 12 अक्टूबर को समाज के सभी वर्गों के लिए खेलकूद एवं मनोरंजन प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। आयोजन को लेकर समाज में उत्साह है। बच्चों, महिलाओं, पुरुषों और कपल के लिए अलग-अलग आयु वर्ग में प्रतियोगिताएं रखी गई हैं।

बच्चों के 8-12 और 12-15 वर्ष आयु वर्ग में चेयर रेस, नींबू रेस, गुब्बारा फोड़ो, चिट उठाना और डांस प्रतियोगिता होगी। महिलाओं के 40-50 वर्ष वर्ग में चेयर रेस, रस्साकसी और 50 मीटर दौड़, जबकि 40-55 वर्ष के पुरुषों के लिए रस्साकसी व 50 मीटर दौड़ रखी गई है। 35-45 और 50-60 वर्ष आयु वर्ग के कपल कपल रेस में हिस्सा ले सकेंगे।

आयोजन में ऑन द स्पॉट सरप्राइज गेम्स, डांडिया, म्यूजिकल डांस और सिंधी गीतों पर मनोरंजन कार्यक्रम भी होंगे। आयोजकों के अनुसार कार्यक्रम का उद्देश्य धार्मिक आयोजन के साथ समाजबंधुओं को मनोरंजन और आपसी मेलजोल का अवसर देना है।

दुर्गा शक्ति अखाड़े का 10वां स्थापना दिवस शौर्य और उत्साह से मनाया, बालिकाओं ने दिखाया अखाड़ा और घोष वादन का दम

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

पुनित चपलोत



भीलवाड़ा में दुर्गा शक्ति अखाड़े का दसवां स्थापना दिवस गुरुवार को शौर्य और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर शहर के सूचना केंद्र चौराहे पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम में दुर्गा शक्ति अखाड़े की बालिकाओं ने अखाड़ा प्रदर्शन के साथ घोष वादन की प्रस्तुति देकर लोगों का ध्यान आकर्षित किया।

इस दौरान दुर्गा शक्ति अखाड़े की नवीन कार्यकारिणी की घोषणा भी की गई। नवनियुक्त अध्यक्ष जानवी ने बताया कि दुर्गा शक्ति अखाड़े की शुरुआत 1 अक्टूबर 2016 को सात बहनों ने मिलकर की थी। दस साल के सफर में अखाड़े का विस्तार देशभर में हुआ है। वर्तमान में दुर्गा शक्ति अखाड़े की 75 शाखाएं संचालित हो रही हैं और 15 हजार से अधिक बहनें इससे जुड़ी हुई हैं।

उन्होंने बताया कि स्थापना दिवस के अवसर पर नवीन कार्यकारिणी की घोषणा की गई। इसके बाद शाम को भव्य स्थापना दिवस समारोह आयोजित किया गया, जिसमें अखाड़े से जुड़ी बालिकाओं और बहनों ने शौर्यपूर्ण अखाड़ा प्रदर्शन तथा घोष वादन की प्रस्तुति दी।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने बालिकाओं के प्रदर्शन की सराहना की।

स्थापना दिवस समारोह में दुर्गा शक्ति अखाड़े से जुड़ी महिलाओं और बालिकाओं में खासा उत्साह नजर आया।

मांडलगढ़ की नई नगरपालिका टीम का अभिनंदन

विधायक गोपाल खंडेलवाल ने कहा- आपसी समन्वय से जनहित के कार्यों को दें प्राथमिकता



भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़।

नगरपालिका चुनाव के बाद नगर में नई नगरपालिका टीम के स्वागत का दौर शुरू हो गया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्वेता डांगी, उपाध्यक्ष अनीता सुराणा और पार्षदों के सम्मान में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत कर नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम विधायक गोपाल खंडेलवाल के नेतृत्व में हुआ।

इस मौके पर विधायक खंडेलवाल ने कहा कि चुनाव के बाद अब जनप्रतिनिधियों के सामने नगरवासियों की उम्मीदों पर खरा उतरने की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि नगरपालिका के सभी जनप्रतिनिधि आपसी तालमेल के साथ काम करें और नगर की जरूरतों को प्राथमिकता देते हुए विकास कार्यों को आगे बढ़ाएं।

उन्होंने कहा कि मांडलगढ़ के विकास से जुड़े कार्यों में नगरपालिका के साथ मिलकर हरसंभव सहयोग किया जाएगा। जनहित से जुड़े कार्यों को गति देने और नगर के विकास को आगे बढ़ाने के लिए सामूहिक प्रयास जरूरी हैं।

कार्यक्रम में नगर मंडल अध्यक्ष अशोक जीनगर, नंदराय मंडल अध्यक्ष प्रकाश सांगावत, पूर्व मंडी चेयरमैन रतनलाल खटीक, पूर्व नगर मंडल अध्यक्ष अर्जुन ब्रह्मभट्ट, संजय डांगी, मुरली मनोहर गट्टानी, मुकेश व्यास, नीलकमल पटवा, मनोज सनाढ्य, मुन्नू आंचलिया, कमलेश खटीक, महावीर ब्रह्मभट्ट, बहादुर सिंह और महावीर लड़ा सहित भाजपा पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

अनुभवों की विरासत को सलाम, शाहपुरा में वरिष्ठजनों का सम्मान

9 वरिष्ठजन सम्मानित, पालिका अध्यक्ष सेन ने स्थायी भवन के लिए भूखंड उपलब्ध कराने का दिया भरोसा





भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।

मूलचन्द पेसवानी। वरिष्ठ नागरिकों के अनुभव और समाज के प्रति उनके योगदान को सम्मान देने के लिए गुरुवार को पुरानी नगर पालिका परिसर में वरिष्ठ नागरिक संस्थान की ओर से सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में सेवाएं देने वाले 9 वरिष्ठजनों का शॉल और श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया। नगर पालिका अध्यक्ष रमेश सेन ने कहा कि वरिष्ठजनों का अनुभव शहर की अमूल्य धरोहर है। उन्होंने कहा कि उनके सुझाव और मार्गदर्शन से शाहपुरा के विकास को नई दिशा मिल सकती है। सेन ने वरिष्ठ नागरिक संस्थान को स्थायी भवन के लिए भूखंड उपलब्ध कराने में नगरपालिका स्तर पर सहयोग का भरोसा दिलाया। समारोह में रतनलाल मूंदड़ा, मदनलाल अग्रवाल, श्रीकिशन धाकड़, भंवरलाल शर्मा, दुर्गेश कुमार जोशी, वल्लभ अजमेरा, देवकिशन गुर्जर, पुष्पा देवी सोमानी और भेरूलाल टेलर का सम्मान किया गया।कार्यक्रम के दौरान पितृपक्ष में पूर्वजों की स्मृति में पौधारोपण की पहल के तहत लादू धाकड़ और श्रीचंद शर्मा को वट वृक्ष के पौधे दिए गए। वहीं आर्य समाज के पूर्व प्रधान कन्हैयालाल आर्य एवं सत्यनारायण तोलंबिया ने पालिका अध्यक्ष को सत्यार्थ प्रकाश पुस्तक भेंट की।

कार्यक्रम की शुरुआत संस्थान अध्यक्ष सत्यनारायण सेन के स्वागत उद्बोधन से हुई। सचिव प्रह्लाद सनाढ्य ने संस्थान की गतिविधियों और उद्देश्यों की जानकारी दी। इस अवसर पर राधेश्याम अग्रवाल, रामस्वरूप काबरा, मदन गोपाल दीक्षित, लादू धाकड़, कैलाश रेगर, कन्हैयालाल आर्य और संतोक सिंह चौधरी सहित संस्थान के पदाधिकारी, सदस्य एवं बड़ी संख्या में वरिष्ठ नागरिक मौजूद रहे।

आरएएस में उत्कृष्ट परिणाम पर अनुराग गुजराती का सार्वजनिक अभिनंदन आज

भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी

राजेन्द्र बबलू पोखरना

राजस्थान प्रशासनिक सेवा (RAS) 2024 में उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त कर लेखा अधिकारी बनने वाले कोटड़ी के युवा अनुराग गुजराती का शुक्रवार, 2 अक्टूबर को सार्वजनिक अभिनंदन एवं सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। समारोह में क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, परिजनों एवं शुभचिंतकों की ओर से अनुराग गुजराती को सम्मानित कर उनकी सफलता पर बधाई दी जाएगी।

आयोजकों के अनुसार श्री चारभुजानाथ मंदिर, कोटड़ी में सुबह 10 बजे आयोजित होने वाले इस समारोह में अनुराग गुजराती की सफलता के पीछे उनकी मेहनत, संकल्प और परिजनों व शुभचिंतकों के आशीर्वाद को रेखांकित किया जाएगा। समारोह में बड़ी संख्या में लोगों के शामिल होने की संभावना है। उल्लेखनीय है कि अनुराग गुजराती ने आरएएस 2024 में उत्कृष्ट परिणाम हासिल कर लेखा अधिकारी के पद के लिए सफलता प्राप्त की है। उनकी इस उपलब्धि को क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणादायी बताते हुए आयोजकों ने कहा कि मेहनत और लक्ष्य के प्रति समर्पण से सफलता हासिल की जा सकती है। समारोह के आयोजक पिता सत्यनारायण गुजराती एवं माता श्रीमती शीला गुजराती ने क्षेत्रवासियों से समारोह में उपस्थित होकर अनुराग गुजराती का उत्साहवर्धन करने की अपील की है। समारोह में उनके सम्मान के साथ सफलता के इस अवसर को सामूहिक रूप से यादगार बनाया जाएगा।



QUICK BITES

ऑल इंडिया पुलिस गेम्स में मनीषा माली ने जीता कांस्य

59 किलोग्राम वर्ग में तीसरे स्थान पर रहीं, केसरी नंदन व्यायामशाला का बढ़ाया गौरव

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।



हरियाणा के मधुबन स्थित पुलिस ट्रेनिंग सेंटर में आयोजित ऑल इंडिया पुलिस गेम्स में महिला पहलवान मनीषा माली ने 59 किलोग्राम भार वर्ग में कांस्य पदक हासिल किया। प्रतियोगिता 23 से 27 सितंबर तक आयोजित हुई, जिसमें देशभर के पुलिस खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया।

केसरी नंदन व्यायामशाला के अंतरराष्ट्रीय कुश्ती प्रशिक्षक जगदीश जाट ने बताया कि मनीषा ने प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए तीसरा स्थान प्राप्त किया। मनीषा भारतीय सेना में कार्यरत हैं और नियमित रूप से कुश्ती का प्रशिक्षण ले रही हैं।

मनीषा की इस उपलब्धि पर केसरी नंदन व्यायामशाला के संरक्षक राधेश्याम बाहेड़िया, अध्यक्ष सुवालाल जाट, सचिव अरुण शर्मा, धर्मेंद्र पारीक, रतनलाल जाट, कोषाध्यक्ष महेश पांडे, छोटूलाल माली, भेरू पटेल, रतनलाल गुर्जर, पीयूष शर्मा, विष्णु नकवाल, सुनील शर्मा, शंकरलाल जाट सहित सह प्रशिक्षक नवीन मारू व मुकेश जाट ने बधाई दी। उन्होंने मनीषा के साथ प्रशिक्षक जगदीश जाट के प्रयासों की भी सराहना की।

103 वर्षीय देवीलाल का सम्मान अनुभवों को बताया प्रेरणास्रोत

भीलवाड़ा फोकस @ बीगोद।

अमित जैन



कोटड़ी तहसील की सोपुरा ग्राम पंचायत में वरिष्ठ नागरिक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में गांव के 103 वर्षीय देवीलाल पुत्र गोपीलाल दरोगा का माला पहनाकर एवं स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मान किया गया।

समारोह में उपस्थित लोगों ने देवीलाल के लंबे जीवन अनुभवों और सामाजिक योगदान को प्रेरणादायी बताया। इस दौरान पर्यवेक्षक महेश पंचोली, बीएलओ सुरेश बाबेल, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सुमित्रा बलाई सहित देवीलाल के परिजन मौजूद रहे।

त्रिवेणी संगम पर चला स्वच्छता अभियान, घाट का बदला स्वरूप

भीलवाड़ा फोकस @ बीगोद।

अमित जैन



सेवा संकल्प यात्रा के तहत गुरुवार को त्रिवेणी संगम पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। वाराणसी से वडनगर तक निकाली जा रही यात्रा रूट नंबर 20 के तहत यहां पहुंची, जहां मां बेतवा सेवा यात्री दल के कार्यकर्ताओं ने श्मशान घाट और आसपास के क्षेत्र की सफाई की। रूट इंचार्ज आशुतोष मिश्रा व विकास पाल के नेतृत्व में करीब 50 कार्यकर्ताओं ने अभियान में श्रमदान किया। मांडलगढ़ विधायक गोपाल लाल खंडेलवाल ने भी कार्यकर्ताओं के साथ सफाई में भाग लिया।अभियान के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष लोकेश कुमार नागोरी ने तत्काल व्हाइट सीमेंट मंगवाकर श्मशान घाट के प्लेटफार्म की पुताई शुरू करवाई। उन्होंने लोगों से घाट और आसपास स्वच्छता बनाए रखने तथा गंदगी नहीं फैलाने की अपील की। इस दौरान विधानसभा संयोजक अनिल पारीक, शक्ति केंद्र प्रभारी राजकुमार आगाल, पार्षद हेमंत पहाड़िया, पार्षद प्रतिनिधि मोहनलाल पहाड़िया सहित कार्यकर्ता व नगर पालिका कर्मचारी मौजूद रहे।



पटाखों की दुकान लगाने वालों के लिए जरूरी खबरः 7 अक्टूबर तक करें आवेदन

दीपावली पर सिर्फ ग्रीन पटाखों की बिक्री, स्थल चयन के बाद मिलेंगे अधिकतम 10 दिन के अस्थायी लाइसेंस

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा / बिजौलिया।

दीपावली पर पटाखों की अस्थायी दुकान लगाने की तैयारी कर रहे लोगों के लिए जिला प्रशासन ने समय सीमा तय कर दी है। अस्थायी आतिशबाजी लाइसेंस के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 7 अक्टूबर 2026 रखी गई है। जिले में नियमों के तहत केवल ग्रीन पटाखों की बिक्री और उपयोग की अनुमति रहेगी।

जिला कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट जसमीत सिंह संधू ने जिले के सभी उपखंड अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र में नियमानुसार अस्थायी आतिशबाजी लाइसेंस जारी करने के लिए अधिकृत किया है। प्रशासन ने इच्छुक आवेदकों तक सूचना पहुंचाने के लिए स्थानीय समाचार पत्रों के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार के निर्देश भी दिए हैं।

पहले तय होगी जगह, फिर होगी आवेदन प्रक्रिया

अस्थायी लाइसेंस जारी करने से पहले पटाखों की बिक्री के लिए स्थानों का चयन किया जाएगा। उपखंडाधिकारी और संबंधित पुलिस उपाधीक्षक संयुक्त रूप से मौके का निरीक्षण कर बिक्री के लिए उपयुक्त स्थलों को चिन्हित करेंगे। इसके बाद चिन्हित स्थानों के लिए निर्धारित प्रारूप में आवेदन लिए जाएंगे।

किसी स्थान पर निर्धारित संख्या से अधिक आवेदन प्राप्त होने पर लॉटरी प्रक्रिया के जरिए चयन किया जाएगा। प्राप्त आवेदनों की नियमानुसार जांच के बाद लाइसेंस जारी करने की प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

अधिकतम 10 दिन ही रहेगा लाइसेंस

प्रशासन के निर्देश के अनुसार अस्थायी लाइसेंस दीपावली के त्योहार के लिए अधिकतम 10 दिनों की अवधि के लिए जारी किए जाएंगे। लाइसेंसधारियों को केंद्र और राज्य सरकार तथा विस्फोटक विभाग की ओर से जारी सुरक्षा एवं अन्य दिशा-निर्देशों की पालना करना अनिवार्य होगा।



सिर्फ ग्रीन पटाखों की बिक्री

सरकार की संशोधित परामर्शदात्री और उच्चतम न्यायालय एवं राष्ट्रीय हरित अधिकरण के निर्णयों को ध्यान में रखते हुए जिले में केवल ग्रीन आतिशबाजी की बिक्री और उपयोग की अनुमति होगी। ग्रीन पटाखों की पहचान, बिक्री और उपयोग को लेकर निर्धारित दिशा-निर्देशों की पालना सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए गए हैं।

प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि इच्छुक आवेदक 7 अक्टूबर तक आवेदन प्रक्रिया पूरी कर लें, ताकि निर्धारित समय में लाइसेंस जारी करने की कार्रवाई की जा सके।

डे-नाइट साइकिल रेस में बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक ने दिखाया उत्साह

मिराया, दिव्या, गीतिका, सार्थक, आयुष और हंसराज बने अपने-अपने वर्गों के चैंपियन

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।



विधायक अशोक कुमार कोठारी की विधायक खेल विकास योजना के तहत स्थानीय गर्ल्स कॉलेज खेल मैदान में डे-नाइट भीलवाड़ा साइकिल रेस प्रतियोगिता आयोजित की गई। मुरली साइकिल के तत्वावधान में हुई प्रतियोगिता में बच्चों के साथ युवाओं और बुजुर्गों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। योजना संयोजक एवं शिक्षाविद विवेक निमावत ने बताया कि प्रतियोगिता का उद्देश्य बच्चों को खेलों से जोड़ना और उन्हें मोबाइल व टीवी से दूर रखते हुए शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए प्रोत्साहित करना है। प्रतियोगिता के दौरान 3 से 6 वर्ष तक के नन्हे बच्चों के लिए दौड़ प्रतियोगिता भी आयोजित की गई।

खेल प्रशिक्षक एवं मुख्य कोच अजित जैन ने बताया कि साइकिल रेस के विभिन्न वर्गों में मिराया डाड, गरिमा सिसोदिया, दिव्या ढोली, हंसराज सिंह, सार्थक राठी, मयंक मोदी, आयुष कुमावत, कृष्णा मीणा, शुभम सेन, जसवीर सिंह, आर्यन गांच्छा, किंजल, गौरव मेघवंशी, गोविंद शर्मा, मोहित बासिटा, दीक्षिता मीणा, गीतिका कृपलानी, नीरज राव, गुंजन सांसी, कुशांक कृपलानी और हितेश शर्मा विजेता रहे।

वहीं, 3 से 6 वर्ष आयु वर्ग की दौड़ में काव्या बासिटा, अथिया जाट, निवी जैन और शिवांश ने पदक हासिल किए। समापन समारोह में खेल प्रेमी कैलाश चंद्र डाड, मुरली साइकिल के यश झुर्रानी, विधायक कार्यालय प्रभारी बाबूलाल टाक, समाजसेवी सत्यनारायण गुग्गड़ तथा भीलवाड़ा साइकिल क्लब के सदस्य सत्यनारायण राठी और भेरूलाल सुवालका ने विजेताओं को पदक देकर सम्मानित किया।

योजना के प्रशिक्षक दिनेश सोलंकी, मनीषा सोलंकी और पलक राजपूत ने प्रतियोगिता में भाग लेने वाले बच्चों, अभिभावकों एवं दर्शकों का आभार जताया।

वृद्धजनों का सम्मान, छड़ी भेंट कर लिया आशीर्वाद

भारत विकास परिषद भोजरास ने 15 वरिष्ठजनों का किया अभिनंदन

भीलवाड़ा फोकस @ आगुचा।



अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर भारत विकास परिषद शाखा भोजरास की ओर से अजमेरा भवन में वृद्धजन सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत वरिष्ठजनों ने मां भारती और स्वामी विवेकानंद के चित्र के समक्ष तिलक, दीप प्रज्वलन व अगरबत्ती अर्पित कर की।

समारोह में भोजरास पंचायत क्षेत्र के विभिन्न गांवों से पहुंचे करीब 15 वरिष्ठजनों का तिलक लगाकर, ओपरणा ओढ़ाकर और तुलसी की माला पहनाकर सम्मान किया गया। इस दौरान उन्हें सम्मान स्वरूप छड़ी भी भेंट की गई।

शाखा के संस्कार गतिविधि संयोजक जगदीश कुम्हार ने कहा कि वृद्धजन समाज की संस्कार परंपरा के वाहक हैं। जिस समाज में बुजुर्गों का सम्मान होता है, वहां संस्कारों की जड़ें मजबूत रहती हैं। वरिष्ठजन देवीलाल शर्मा ने स्वस्थ जीवन के लिए संतुलित खान-पान, नियमित व्यायाम और सकारात्मक सोच को जरूरी बताया।

कार्यक्रम के समापन पर सभी वरिष्ठजनों को कृष्ण भोग प्रसाद कराया गया। इस अवसर पर शाखा अध्यक्ष अशोक अजमेरा, सचिव अशोक मानावत, पूर्व अध्यक्ष भंवरलाल टेलर, भंवरलाल शर्मा, रजनीश बिरला सहित रेखा देवी अजमेरा, कैलाश देवी टेलर, रश्मि बिरला और अन्य सदस्य व मातृशक्ति उपस्थित रहे।

संपर्क पोर्टल की शिकायतों का प्रभावी निस्तारण करें अधिकारी : कलेक्टर

लंबित प्रकरणों की विभागवार समीक्षा, समयबद्ध कार्रवाई और शिकायतकर्ता को राहत देने के निर्देश

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

आमजन की शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही नहीं होनी चाहिए। संपर्क पोर्टल पर दर्ज प्रत्येक प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए शिकायतकर्ता को वास्तविक राहत पहुंचाना अधिकारियों की प्राथमिकता हो। यह निर्देश जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में दिए। बैठक में कलेक्टर ने जिले के विभिन्न विभागों में संपर्क पोर्टल पर लंबित प्रकरणों की विभागवार समीक्षा की। अधिक पेंडेंसी वाले विभागों से लंबित शिकायतों की स्थिति की जानकारी लेते हुए उन्होंने अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर प्रकरणों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शिकायत के निस्तारण के बाद उसकी नियमित मॉनिटरिंग भी की जाए, ताकि प्रकरण दोबारा लंबित न हो। निस्तारण के दौरान शिकायतकर्ता को वास्तविक राहत मिलने के साथ संबंधित कार्रवाई के फोटो भी जारी करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने पेंडेंसी कम करने के लिए अधिकारियों को नियमित समीक्षा और प्रभावी मॉनिटरिंग पर जोर दिया। बैठक में संपर्क पोर्टल पर बेहतर कार्य करने के लिए विद्युत विभाग के कार्यों की कलेक्टर ने सराहना की। साथ ही अन्य विभागों को भी लंबित प्रकरणों के त्वरित और प्रभावी निस्तारण की दिशा में गंभीरता से काम करने के निर्देश दिए। बैठक में नगर विकास न्यास सचिव सालुंखे गौरव रविंद्र, जिला परिषद सीईओ चंद्रभान सिंह भाटी, नगर निगम आयुक्त कमल सिंह यादव सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।



बाण माता शक्तिपीठ में नवरात्र की तैयारियां तेज, 18 को अष्टमी जागरण

पंचमी पर प्रभात फेरियों का महासंगम, 19 अक्टूबर को छप्पन भोग के साथ होगा समापन

भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़।

गोवटा बांध स्थित मेवाड़ के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल श्री बाण माता शक्तिपीठ में शारदीय नवरात्र महोत्सव को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। विकास संस्थान के अध्यक्ष अशोक कुमार शर्मा के सानिध्य में व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है। संस्थान के व्यवस्थापक प्रमोद कुमार धाकड़ ने बताया कि नवरात्र के दौरान आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए छाया, पेयजल और ठहरने सहित आवश्यक इंतजाम किए जा रहे हैं।



शक्तिपीठ परिसर में पंडित भेरूलाल शर्मा एवं बनवारीलाल शर्मा के वेद मंत्रोच्चार के बीच नियमित यज्ञ एवं धार्मिक अनुष्ठान होंगे। पक्षाघात रोगियों के लिए भी श्रद्धालुओं के सहयोग से अल्पाहार और भोजन की व्यवस्था की जाएगी। नवरात्र के दौरान विशेष पूजा-अर्चना, गायत्री अनुष्ठान और शतचंडी यज्ञ के साथ भजन संध्याओं का आयोजन भी होगा।

15 अक्टूबर को प्रभात फेरियों का महासंगम

पंचमी के अवसर पर 15 अक्टूबर, गुरुवार को प्रभात फेरियों का महासंगम होगा। विभिन्न क्षेत्रों से श्रद्धालु गाते-बजाते हुए माता के दरबार पहुंचेंगे।

18 अक्टूबर को रातभर भजन और दर्शन

अष्टमी पर 18 अक्टूबर, रविवार को जागरण होगा। श्रद्धालुओं के लिए रातभर माता के दर्शन खुले रहेंगे। श्री गन्धेरी श्याम म्यूजिकल ग्रुप के साथ गायक कलाकार राजू रावल और भैरू पुरी गोस्वामी भजनों की प्रस्तुतियां देंगे।

19 अक्टूबर को छप्पन भोग, फिर पाती विसर्जन

नवरात्र महोत्सव के अंतिम दिन 19 अक्टूबर, सोमवार को बाण माता की छप्पन भोग झांकी के दर्शन होंगे। दोपहर में शुभ मुहूर्त में गाजे-बाजे के साथ पाती विसर्जन किया जाएगा। इसके बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित कर महोत्सव का समापन होगा। नवरात्र को लेकर क्षेत्र में उत्साह है और बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शक्तिपीठ पहुंचने की संभावना है।

संसार की चाह छोड़ गुरु चरणों में लगाएं मन, भगवान ही हैं सच्चे अपने : प्रेमनारायण

श्रीमद्भागवत कथा में वैराग्य और समर्पण का संदेश, सुख-दुख से ऊपर उठकर प्रभु स्मरण की दी प्रेरणा

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।

मनुष्य का मन संसार की इच्छाओं में उलझकर सुख-दुख के बीच भटकता रहता है। जब यही मन गुरु और भगवान के चरणों में टिक जाता है तो जीवन में स्थिरता आने लगती है। संसार की सभी चीजें क्षणिक हैं, जबकि परमात्मा ही मनुष्य का वास्तविक सहारा हैं। यह बात कथावाचक पंडित प्रेमनारायण गेहूंखेड़ी वालों ने गुरुवार को श्रीमद्भागवत कथा के दौरान कही।चांदजी की खेड़ी स्थित श्री तिलस्वांनाथ गौशाला में चल रही कथा में उन्होंने कहा कि भक्त के मन में अपने इष्ट के श्रीचरणों को लेकर किसी प्रकार का संदेह नहीं होना चाहिए। जीवन में आने वाली होनी-



अनहोनी को भगवान की इच्छा मानकर स्वीकार करने वाला व्यक्ति परिस्थितियों से विचलित नहीं होता। उन्होंने कहा कि जब मोह धीरे-धीरे छूटता है, तब मनुष्य संसार के बंधनों से ऊपर उठकर परमात्मा की ओर बढ़ता है। कथावाचक ने श्रद्धालुओं को समझाया कि मन की इच्छा पूरी न होने पर दुखी होना और इच्छा पूरी होने पर अत्यधिक प्रसन्न हो जाना दोनों ही मन को बांधते हैं। उन्होंने कहा कि जीवन में ऐसी स्थिति बनानी चाहिए कि न तो किसी बात के होने पर अहंकार आए और न मन के विपरीत होने पर निराशा। संसार को सपना बताते हुए उन्होंने कहा कि मनुष्य को यह समझना चाहिए कि इस दुनिया में सब कुछ परिवर्तनशील है, लेकिन भगवान का साथ ही स्थायी है।

उन्होंने कहा कि यदि मन बार-बार संसार की ओर आकर्षित हो रहा है तो उसे जबरन रोकने के बजाय गुरु के श्रीचरणों में समर्पित कर देना चाहिए। गुरु की शरण मन को भटकाव से निकालकर भक्ति के मार्ग पर ले जाती है। उन्होंने श्रद्धालुओं से जीवन में भगवान के प्रति विश्वास, गुरु के प्रति समर्पण और परिस्थितियों को सहजता से स्वीकार करने का भाव रखने का आह्वान किया। कथा में क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों से श्रद्धालु पंहुचे ।

किसान के भरोसे पर खरा उतरें खुदरा उर्वरक विक्रेता : डॉ. यादव

15 दिवसीय प्रशिक्षण में संतुलित उर्वरक उपयोग, मृदा स्वास्थ्य और प्राकृतिक खेती की दी जानकारी

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

किसानों को सही गुणवत्ता के खाद, बीज और उर्वरक उपलब्ध कराने के साथ उन्हें संतुलित उर्वरक उपयोग के लिए जागरूक करना खुदरा उर्वरक विक्रेताओं की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। किसान सबसे अधिक भरोसा उर्वरक विक्रेता पर करता है, इसलिए विक्रेताओं को इस विश्वास पर खरा उतरना चाहिए। यह बात कृषि महाविद्यालय भीलवाड़ा के अधिष्ठाता डॉ. के.के. यादव ने कृषि विज्ञान केन्द्र में खुदरा उर्वरक विक्रेताओं के लिए आयोजित 15 दिवसीय प्रशिक्षण के शुभारंभ अवसर पर कही।

प्रशिक्षण 15 अक्टूबर तक चलेगा, जिसमें 40 प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। डॉ. यादव ने कहा कि विक्रेताओं को किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड के



आधार पर खाद एवं उर्वरकों के उपयोग के लिए प्रेरित करना चाहिए। उन्होंने मिट्टी के नमूने लेने की सही प्रक्रिया, मृदा में उपलब्ध पोषक तत्वों तथा फसल की आवश्यकता के अनुसार खाद एवं उर्वरकों के उपयोग की जानकारी दी।

केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष तथा प्रशिक्षण पाठ्यक्रम समन्वयक डॉ. सी.एम. यादव ने केन्द्र की गतिविधियों से प्रशिक्षणार्थियों को अवगत कराया। उन्होंने उर्वरक उपयोग दक्षता बढ़ाने के साथ टिकाऊ खेती, समन्वित कृषि प्रणाली, फसल विविधीकरण एवं मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन जैसे विषयों पर जानकारी दी। जैविक खेती के लाभ के साथ वर्मीकम्पोस्ट, वर्मीवॉश और डिकम्पोजर की उपयोगिता भी समझाई।

प्रशिक्षण के दौरान डॉ. के.के. यादव ने केन्द्र के प्रदर्शन फार्म का भ्रमण किया। यहां हल्दी, अदरक, चंवला, गेंदा, गुलदाउदी, बिजली, अरहर, पत्तागोभी, मिर्च और टमाटर सहित विभिन्न फसलों का अवलोकन किया। वरिष्ठ अनुसंधान अध्येता डॉ. लालचन्द कुमावत ने प्राकृतिक खेती की तकनीकों पर जानकारी देते हुए बीजामृत, जीवामृत, घनजीवामृत, नीमास्त्र, ब्रह्मास्त्र एवं दशपर्णी तैयार करने की विधि और आवश्यक सामग्री के बारे में बताया। प्रशिक्षण का उद्देश्य खुदरा उर्वरक विक्रेताओं का तकनीकी ज्ञान बढ़ाकर किसानों तक वैज्ञानिक कृषि जानकारी पहुंचाना है।

अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर 100 वर्ष व अधिक आयु के मतदाताओं को माला, शॉल व प्रशस्ति पत्र भेंट

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

लोकतंत्र में वरिष्ठ नागरिकों के योगदान और उनकी भागीदारी के सम्मान में अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर जिले के शतायु मतदाताओं का सम्मान किया गया। निर्वाचन आयोग एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देश पर गुरुवार को जिले के सभी सात विधानसभा क्षेत्रों में 100 वर्ष या उससे अधिक आयु के मतदाताओं को सम्मानित किया गया।

निर्वाचन विभाग की ओर से संबंधित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी



(एसडीओ), सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तथा बूथ लेवल अधिकारियों ने शतायु मतदाताओं के घर पहुंचकर उन्हें माला और शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस दौरान मुख्य निर्वाचन अधिकारी, राजस्थान के हस्ताक्षर से जारी प्रशस्ति पत्र भी प्रदान किए गए।

अधिकारियों ने शतायु मतदाताओं को अंतर्राष्ट्रीय वरिष्ठजन दिवस की शुभकामनाएं देते हुए उनके स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना की। साथ ही लोकतांत्रिक व्यवस्था में उनके योगदान और मतदान के माध्यम से निभाई गई जिम्मेदारी के लिए आभार व्यक्त किया गया।निर्वाचन विभाग के इस सम्मान कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों एवं बीएलओ ने शतायु मतदाताओं से मुलाकात कर उनके अनुभव भी सुने और उन्हें सम्मानित कर उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त की।

QUICK BITES

खाटू श्यामजी के भजनों पर झूमे श्रद्धालु

भीलवाड़ा फोकस @ उदलियास।





पुरावतों का आकोला में खाटू श्यामजी के भव्य कीर्तन का आयोजन हुआ। इस दौरान सांवरिया सेठ, आकोला बालाजी एवं खाटू श्यामजी का फूलों से आकर्षक दरबार सजाया गया। शाम 4:15 बजे महाआरती हुई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

भजन संध्या की शुरुआत सजू बाबा ने गणेश वंदना से की। इसके बाद तन्न श्री चित्तौड़ ने बालाजी के भजनों की प्रस्तुति दी। उड़ीसा से आईं शुभांगी सोनी ने भजनों से माहौल भक्तिमय कर दिया, जबकि इंदौर के शुभम राणा ने भावपूर्ण भजनों से श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। कार्यक्रम के अंत में सांवरिया सेठ मंदिर के पुजारी राज महाराज ने रागिनी का केक काटा। श्याम मित्र मंडल सहित बड़ी संख्या में श्याम प्रेमी मौजूद रहे।

शाहपुरा पहुंची सेवा संकल्प यात्रा, पौधारोपण के साथ युवाओं से संवाद

रामनिवास धाम में 62 यात्रियों का स्वागत, सेवा और राष्ट्रहित का दिया संदेश

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा



(मूलचंद पेसवानी)। वाराणसी से वडनगर तक निकली 'सेवा संकल्प यात्रा' का शाहपुरा पहुंचने पर रामनिवास धाम में स्वागत किया गया। सिक्किम, उत्तर प्रदेश और बिहार सहित विभिन्न राज्यों से पहुंचे 62 यात्रियों ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया। शाहपुरा-बनेड़ा विधायक डॉ. लालाराम बैरवा ने यात्रियों से संवाद कर सेवा, संगठन और सामाजिक सरोकारों से जुड़े विषयों पर चर्चा की। रामनिवास धाम के बाद यात्रा के सदस्य बारादरी पहुंचे और गादीजी का आशीर्वाद लिया। इसके बाद विधायक बैरवा ने यात्रा प्रभारी देवांशु राजपूत सहित यात्रियों व कार्यकर्ताओं के साथ पौधारोपण किया। उन्होंने पौधों की देखभाल के साथ पर्यावरण संरक्षण को सामाजिक जिम्मेदारी के रूप में अपनाने का आह्वान किया।


विधायक ने युवाओं की ऊर्जा को समाजसेवा से जोड़ने पर जोर देते हुए कहा कि युवा सेवा को संस्कार और राष्ट्रहित को प्राथमिकता बनाकर समाज में सकारात्मक बदलाव ला सकते हैं। उन्होंने सेवा, संगठन और राष्ट्रहित के प्रति युवाओं की भूमिका पर विचार साझा किए।

कार्यक्रम में भाजपा नगर अध्यक्ष पंकज सुगंधी, महावीर माली, पार्षद मोहन गुर्जर, राजू कहार, सीताराम बैरवा सहित भाजपा कार्यकर्ता व अन्य लोग मौजूद रहे। यात्रा के शाहपुरा पहुंचने से विभिन्न राज्यों से आए यात्रियों और स्थानीय कार्यकर्ताओं के बीच संवाद व अनुभवों का आदान-प्रदान भी हुआ।

मदन गोपाल लढ़ा को मिलेगा 'बाल वाटिका सृजन सम्मान'

3-4 अक्टूबर को राष्ट्रीय बाल साहित्य संगोष्ठी में होगा सम्मान, देशभर से जुटेंगे साहित्यकार

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा



(मूलचंद पेसवानी)। राजस्थानी बाल साहित्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए महाजन-बीकानेर के वरिष्ठ बाल साहित्यकार मदन गोपाल लढ़ा को इस वर्ष प्रतिष्ठित 'बाल वाटिका सृजन सम्मान' से सम्मानित किया जाएगा। स्वर्गीय लोक कवि एवं बाल साहित्यकार मोहन मण्डेला की स्मृति में दिया जाने वाला यह राष्ट्रीय सम्मान 3 व 4 अक्टूबर को आयोजित 27वीं राष्ट्रीय बाल साहित्य संगोष्ठी एवं सम्मान समारोह में प्रदान किया जाएगा।

राजस्थान साहित्य अकादमी एवं विनायक विद्यापीठ के संयुक्त तत्वावधान में होने वाले दो दिवसीय आयोजन में देशभर के बाल साहित्यकार और साहित्यप्रेमी शामिल होंगे। विभिन्न सत्रों में बाल साहित्य की वर्तमान स्थिति, बदलती रुचियों, भाषा-शैली और नई पीढ़ी तक साहित्य पहुंचाने जैसे विषयों पर चर्चा होगी।

बाल साहित्य में सक्रिय योगदान

'बाल वाटिका' पत्रिका की ओर से प्रतिवर्ष दिए जाने वाले इस सम्मान की शुरुआत पत्रिका के संपादक डॉ. भैरूंलाल गर्ग की प्रेरणा से हुई। समिति द्वारा बाल साहित्य में रचनात्मक योगदान के आधार पर साहित्यकार का चयन किया जाता है। इससे पहले ओडिशा के विरंचीनारायण दास-कांताबाजी और नागौर के पवन पहाड़िया को भी यह सम्मान मिल चुका है।

मोहन मण्डेला की स्मृति में दिया जाने वाला यह सम्मान राजस्थानी बाल साहित्य के क्षेत्र में रचनाकारों को प्रोत्साहित करने की पहल के रूप में देखा जा रहा है। साहित्य जगत से जुड़े लोगों ने मदन गोपाल लढ़ा के चयन पर शुभकामनाएं दी हैं।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।